# प्यासा कौआ

एक बार एक कौआ बहुत प्यासा था। उसको कहीं पानी नहीं मिल रहा था। बहुत ढूँढने पर उसको एक घड़ा दिखाई दिया। घड़े में बहुत थोड़ा सा पानी था। कौए की चोंच पानी तक नहीं पहुँच पा रही थी।
वह बड़े ध्यान से सोचने लगा और उसे एक उपाय सूझा। पास ही पत्थर के कुछ टुकड़े पड़े थे। कौए ने एक-एक पत्थर उठाया और घड़े में डालता गया। धीरे-धीरे पानी ऊपर आने लगा। कौआ लगातार पत्थर डालता गया। जल्दी ही पानी इतना ऊपर आ गया कि कौए की चोंच वहाँ तक आराम से पहुँच गई।
तब कौए ने पानी पिया और अपनी प्यास बुझाई।

नए शब्द
प्यास - लालसा
पानी - जल
घड़ा - बड़ा मटका
दिखाई देना - नजर आना।
थोड़ा - कम
ध्यान - विचार, चिंतन, समझ
उपाय - तरकीब, युक्ति
पास - नजदीक
लगातार - निरंतर, सतत

एक बार - Once upon a time
कहीं - Somewhere
ढूँढना - To look for
घड़ा - Pot (M)
दिखाई देना - To appear
थोड़ा - A little
चोंच - Beak (F)
पहुँच पाना - To manage to reach
उपाय - idea
सूझना - To come to mind
पत्थर - Stone (M)
टुकड़ा - Piece
डालना - To put
लगातार - Continuously

Edited Yesterday, 7:29 pm

LIVEWORKSHEETS